दिनांक : 27.02.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष

भोपाल गैस त्रासदी

सुप्रीम कोर्ट ने आज स्पष्ट किया कि वह यूनियन कार्बाइड प्लांट में कचरे के निपटान से संबंधित मामले में हस्तक्षेप नहीं करेगा, क्योंकि इस मामले की निगरानी पहले से ही मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय कर रहा है। न्यायमूर्ति बी आर गवई और न्यायमूर्ति ए जी मसीह की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय पर्यावरण अभियांत्रिकी अनुसंधान संस्थान–एनईईआरआई, राष्ट्रीय भू भौतिकीय अनुसंधान संस्थान– एनजीआरआई और केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड–सीपीसीबी के विशेषज्ञों ने मुद्दों पर अपने विचार दिए हैं, जिन पर उच्च न्यायालय के साथ–साथ विशेषज्ञ पैनल ने भी गौर किया है। शीर्ष अदालत ने कचरे के निपटान का विरोध करने वाली नागरिक संस्थाओं के सदस्यों सहित पीड़ित पक्षों से इस मामले पर सुनवाई कर रहे उच्च न्यायालय के पास जाने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने 25 फरवरी को प्राधिकारियों से कहा था कि वे उसे मध्यप्रदेश के धार जिले के पीथमपुर क्षेत्र में भोपाल गैस त्रासदी के खतरनाक अपशिष्ट के निपटान के संबंध में बरती गई सावधानियों के बारे में अवगत कराएं।

विक्रमोत्सव–2025

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कल उज्जैन में विक्रमोत्सव–2025 का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सम्राट विक्रमादित्य आदर्श व्यवस्था के पर्याय हैं। जब–जब सुशासन, धर्म, न्याय और कर्म की बात होती है, सम्राट विक्रमादित्य को स्मरण किया जाता है। इस अवसर पर विक्रम व्यापार मेला का भी शुभारंभ किया गया।

शुभारंभ अवसर पर प्रदेश के सभी प्रमुख 51 महाशिवरात्रि मेलों समारोह, सिंहस्थ–2028 की रूपरेखा का लोकार्पण भी किया गया है।

कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि महाकाल भगवान की उज्जैन की यह धरती ने अनादिकाल से भारत और संस्कृति को नए आयाम दिया है।

दसवीं बोर्ड परीक्षा

प्रदेश में माध्यमिक शिक्षा मंडल की बोर्ड परीक्षाएं जारी है। 12वीं की परीक्षा शुरू होने के बाद आज से कक्षा दसवीं की परीक्षाएं शुरू हुईं। पहला पेपर हिंदी विषय का है। कक्षा 10वीं की परीक्षा में प्रदेश भर से 9 लाख 53 हजार 777 विद्यार्थी शामिल हो रहे हैं। बोर्ड ने दोनों ही कक्षाओं की परीक्षा के लिए प्रदेश भर में 3 हजार 887 केंद्र बनाए हैं। इधर, बोर्ड ने फ्लाइंग स्क्वाड तैनात करने के साथ ही केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा की गोपनीयता भंग करने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने के अधिकार भी दिए गए हैं।

शाहः चित्रकूट

भगवान राम की तपोभूमि चित्रकूट में आज भारत रत्न नानाजी देशमुख की 15वीं पुण्यतिथि मनाई जा रही है। दीनदयाल शोध संस्थान द्वारा दीनदयाल परिसर चित्रकूट में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया है। इस आयोजन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह शामिल हो रहे हैं। श्री शाह दोपहर 2:45 चित्रकूट पहुंचकर पुण्यतिथि समारोह में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे।

खजुराहो नृत्य समारोह

51वें खजुराहो नृत्य समारोह का कल समापन हो गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा है कि खजुराहो नृत्य समारोह ने भारतीय कला और संस्कृति की विविधता में एकता को देश–विदेशों में मजबूत किया है। भारतीय शास्त्रीय नृत्य की विविधता और समृद्धता को प्रदर्शित करने और विस्तारित करने में समारोह का उल्लेखनीय योगदान है। खजुराहो नृत्य महोत्सव

के अंतिम दिन युवा कलाकारों को भारतीय संस्कृति से जोड़ने के लिये पहली बार मंच प्रदान किया गया। इसमें युवा कलाकारों ने कथक और भरतनाट्यम नृत्य प्रस्तुतियां दीं।

प्रयागराज महाकुम्भ

प्रयागराज में महाकुंभ 2025 कल महाशिवरात्रि पर अंतिम पवित्र स्नान के साथ सफलतापूर्वक संपन्न हो गया। 45 दिनों तक चलने वाले आध्यात्मिक महापर्व में करीब 66 करोड़ 30 लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने पवित्र डुबकी लगाई है। महाकुंभ में कई प्रमुख हस्तियां भी शामिल हुईं। इनमें शामिल हैं – राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भूटान नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक, विदेशी प्रतिनिधि, विभिन्न राज्यों के राज्यपाल और मुख्यमंत्री के साथ–साथ कई केंद्रीय मंत्री, जिन्होंने संगम में पवित्र डुबकी लगाई।

रील मेकिंग चैलेंज

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और मोबाइल एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा वेव्स 2025 रील मेकिंग चैलेंज प्रतियोगिता शुरू की गयी है इसमें रचनाकारों और उत्साही लोगों को 30 से 90 सेकंड की रील बनाकर अपनी कहानी कहने का अवसर मिलता है। इस चैलेंज को जबरदस्त प्रतिक्रिया मिली है। यह डिजिटल रचनाकारों को प्रयोग करने, नवाचार करने और लघु–प्रारूप सामग्री की सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए एक मंच प्रदान करता है। रील मेकिंग चैलेंज के तहत प्रतिभागी 15 मार्च तक प्रविष्ठि जमा कर सकते हैं।

नागर विमानन मंत्री–उद्घोषणा

केंद्रीय नागर विमानन मंत्री किंजरापु राममोहन नायडू ने आज चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान यात्री कैफे का उद्घाटन किया। संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री नायडू ने कहा कि इस तरह के कैफे देश के सभी हवाई अड्डों पर बनाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इससे सभी यात्रियों को पानी, चाय, कॉफी, स्नैक्स और स्थानीय मिठाइयाँ उचित मूल्यों पर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि पिछले दिसंबर में कोलकाता हवाई अड्डे पर इस तरह के पहले कैफे का उद्घाटन किया गया था।

समाचार संक्षेप में –

- महाशिवरात्रि पर्व पर आगरमालवा स्थित प्रसिद्ध शिवालय श्री बैजनाथ महादेव के दर्शन करने भक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। देर रात तक एक लाख से अधिक श्रृद्धालु भक्तों ने अलग–अलग लाइन में लगकर बाबा बैजनाथ के दर्शन किये।
- मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय खण्डपीठ इन्दौर के प्रशासनिक न्यायाधिपति विवेक रूसिया के निर्देशन में मध्यस्थता एवं लोक अदालत जागरूकता मैराथन दौड का आयोजन 2 मार्च को सुबह 07:30 से किया जायेगा।
- महाशिवरात्रि के अवसर पर रायसेन जिले भोजपुर स्थित विश्व प्रसिद्ध शिव मंदिर प्रांगण में "महादेव" भोजपुर महोत्सव 26 से 28 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है।
- मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद और राष्ट्र ऋषि भारत रत्न नानाजी देशमुख की पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर इन विभूतियों के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त करते हुए कहा कि इनका जीवन हर देशभक्त के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

..............